हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 24 सितम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 अवैध अतिक्रमण पर सख्त हुआ वन विभाग



# अपनी जमीन को कब्जा मुक्त कराने परिवार को बैठना पड़ा भूख हड़ताल पर

## लखनपुर के लहपटरा का मामला, समझाइश के बाद परिवार के समाप्त किया आन्दोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/लखनपुर

जिले में राजस्व विभाग में काम काज किस तरह चल रहा है इसका अंदाजा इस तस्वीर से लगाया जा सकता है। अपनी ही जमीन पर किए जा रहे कब्जे को लेकर न्याय मांग रहे परिवार को महीनों भटकना पडा। जब परिवार को न्याय नहीं मिला तो वे भूख हडताल पर बैठ गए। दो दिनों की हड़ताल के बाद बात प्रशासन तक पहुंची तो अब मामले में अधिकारीयों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर आन्दोलन समाप्त करा दिया है लेकिन इस घटना ने राजस्व विभाग पर सवाल खड़े कर दिए है। बताया जा रहा है कि लखनपुर विकासखंड के ग्राम लहपटरा निवासी 60 वर्षीय रामाधार आ. कनेश्वर राजवाड़े की खसरा क्रमांक 571/2 रकबा 0.033 हेक्टेयर भूमि मौजूद है। ग्रामीण का आरोप है कि उक्त भूमि पर गांव के ही दबंग व्यक्ति 55 वर्षीय श्यामधारी आ. दामोदर रजवाड़े ने कब्जा जमा लिया और जबरन मकान का निर्माण कराया जा रहा है। जमीन पर किए जा रहे कब्जे को लेकर रामाधार राजवाड़े ने तहसील न्यायालय में शिकायत की थी जिसके बाद तहसीलदार ने अक्तूबर 2024 में स्थगन आदेश जारी किया था। स्थगन आदेश जरी होने के बाद हल्का पटवारी और आरआई मौके पर जांच करने के लिए पहुंचे लेकिन आवेदक पक्ष को बुलाया ही नहीं गया। भूमि स्वामी की गैर मौजूदगी में पंचनाम तैयार कर जांच रिपोर्ट तहसील न्यायालय में पेश कर दिया गया जिसके बाद तहसीलदार ने स्थगन को समाप्त कर दिया। स्थगन समाप्त होने के बाद न्याय पाने के लिए भूमि स्वामी ने एसडीएम न्यायालय में आवेदन किया था जिसके जनवरी माह में एसडीएम ने भी सुनवाई के बाद स्थगन आदेश देते हुए निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश थे लेकिन इसके बाद भी निर्माण कार्य जारी है।



### दी गई है समझाइश

यह एक पारिवारिक भूमि के विवाद का मामला है। आवेदक पक्ष को उसकी भूमि के सीमांकन कराने का आश्वसन दिया गया है। समझाईस के बाद उन्होंने अपना भूख हड़ताल समाप्त कर दिया है।

-बन सिंह नेताम
एसडीएम

### कहीं नहीं हुई सुनवाई

ग्रामीण रामाधार का कहना है कि उसने इस मामले की शिकायत कलेक्टर, एसपी, एसडीएम सभी से की लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। श्यामधारी एसडीएम द्वारा लगाए गए स्थगन के बाद भी मकान में ढलाई करवा रहा था। आवेदक पक्ष लखनपुर थाने पहुंचा जहां जमीन संबंधित मामला होने पर पुलिस ने धारा 174 के तहत फ़ैना काटकर न्यायालय जाने की सलाह आवेदक पक्ष को दी। किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से परेशान परिवार अपनी जमीन पर निर्माणाधीन मकान के सामने भूख हड़ताल पर बैठ गया। इस दौरान महिला, पुरुष व बच्चे समेत 8 लोग भूख हड़ताल पर बैठे रहे। इस भूख हड़ताल की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने सुरक्षा के लिए दो पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। अब मीडिया में मामला उजागर होने के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे और उसे जमीन सीमांकन कराने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया जिसके बाद परिवार ने भूख हड़ताल समाप्त किया।

## खबर संक्षेप

### आज विशेष ट्रेन से अयोध्या जाएंगे श्रद्धालु

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ वासियों को अयोध्या धाम का दर्शन कराने के लिए श्रीरामलला दर्शन योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत तीर्थयात्रियों को अयोध्या में रामलला का दर्शन कराया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा राज्य के स्थानीय निवासियों को अयोध्या धाम यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु शासकीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से इसे लागू किया गया है। जिसके तहत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में सैकड़ों श्रद्धालुओं को श्री रामलला दर्शन योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। योजना अन्तर्गत इस वर्ष 2025 में अयोध्या धाम जाने की निर्धारित तिथियों में हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है। तृतीय चरण में 24 सितम्बर को स्पेशल ट्रेन अम्बिकापुर से अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेगी। जिसमें 160 चयनित हितग्राहियों को श्री रामलला दर्शन योजना अंतर्गत लाभान्वित किया जाएगा। गौरतलब है कि इस वर्ष बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में प्रथम एवं द्वितीय चरण में 320 श्रद्धालुओं को श्री रामलला दर्शन योजना का लाभ प्राप्त हुआ है।

### बाढ़ बचाव का संबंधित प्रशिक्षण मॉक ड्रिल 25 को

**अम्बिकापुर।** भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के मार्गदर्शन में सरगुजा जिले में बाढ़ बचाव संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ब्रिगेडियर रिटायर्ड रविंदर गुरूंग, सलाहकार, एनडीएमए की अध्यक्षता में 10 सितम्बर को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा प्रशिक्षण की रूपरेखा तय की गई थी। इसके तहत जिला स्तर पर 23 सितम्बर को टेबल टॉप अभ्यास एवं 25 सितम्बर को मॉक ड्रील (काल्पनिक अभ्यास) आयोजित किया जाना है। मॉक ड्रील का आयोजन दरिमा तहसील अंतर्गत घुनघुटा बांध ग्राम लिबरा में किया जाएगा, जिसमें बाढ़ की आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का अभ्यास किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा बताया गया है कि आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी कार्यालय कलेक्टर, सरगुजा अम्बिकापुर के सूचना पटल एवं शासकीय वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

### गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को शुष्क दिवस घोषित

**अम्बिकापुर।** आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र के परिपालन में कलेक्टर सरगुजा द्वारा जिले में गांधी जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले की समस्त देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान, विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान, प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान, संलग्न अहाता, एफ.एल.8 एवं मद्य भाण्डागार पूर्णतः बंद रहेगा।

### ग्रामीण के घर से 90 हजार का अवैध चिरान जब्त



**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर की टीम ने ग्राम करमडीहा में छापामार कार्रवाई के दौरान एक ग्रामीण के घर से 35 नग अवैध चिरान बरामद किया है। जब्त चिरान की कीमत 90 हजार रूपए बताई जा रही है। वन अधिकारियों को सोमवार को ग्राम करमडीहा बेंगो निवासी पवन यादव द्वारा भारी मात्रा में अवैध साल चिरान का भंडारण करने एवं आरोपी द्वारा अवैध चिरान को खपाने की तैयारी करने की सूचना मिली थी। सूचना पर उपवन मंडलाधिकारी सीएस मिश्रा के नेतृत्व में विभाग की टीम सर्च वारंट लेकर गांव पहुंची एवं पवन यादव के घर की घेराबंदी कर तलाशी की। पवन ने अपने बच्चे घर के कमरों में विभिन्न आकार के साल के पटरे एवं चौखट छिपाकर रखा था। वनकर्मियों ने कमरों से सारे चिरान को निकाला तो 35 नग अवैध चिरान मिले। एक-एक चिरान की नपाई की गई तो 1.097 घन मीटर लकड़ी मिली जिसकी कीमत 89788 रूपए आंकी गई है।

## एक पुत्र गंभीर रूप से घायल

# मूंगफली को लेकर उपजे विवाद के बाद पिता पुत्र को बोलेरो से कुचला, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/रामानुजनगर

**खास बात**

- विवाद के बाद थाने से लौट रहा था परिवार

मूंगफली खाने को लेकर हुए मामूली से एक ही परिवार के बीच हुए विवाद में दो लोगों की बोलेरो से कुचलकर हत्या कर दी गई। मरने वालों में पिता-पुत्र शामिल है जबकि मृतक का एक पुत्र गंभीर रूप से घायल है। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। आपसी रंजिश को लेकर की गई इस हत्या की घटना घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फिलहाल पुलिस ने शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गए है जिनकी तलाश पुलिस कर रही है लेकिन इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर सावल खड़े कर दिए है।

बताया जा रहा है कि रामानुजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम तिवरागुडी निवासी 40 वर्षीय त्रिवेणी रवि आ. लक्ष्मण ने अपने खेत में मूगफली की फसल बोई थी जो अब तैयार हो चुकी है। इसके साथ ही त्रिवेणी रवि के रिश्तेदार नर्मदा सोनवानी ने अपने खेत में मूंगफली बोई हुई थी। दोनों ही परिवारों के खेत अगल बगल है और पुरानी रंजिश के कारण वे अपनी खेती की रखवाली करते है। 22 सितम्बर को त्रिवेणी का पुत्र करण रवि अपने खेत की रखवाली करते हुए मूंगफली खा रहा था। इस दौरान नर्मदा सोनवानी अपने बेटों के साथ बोलेरो से मौके पर पहुंचा और उनके खेत से मूंगफली चुराकर खाने को लेकर विवाद करते हुए करण रवि की रॉड से पिटाई शुरू कर दी और मोबाइल फोन तोड़ दिया। इस दौरान जब पिता त्रिवेणी रवि और भाई राजा बाबू ने बीच बचाव किया तो उन्होंने दोनो को भी बुरी तरह मारा। इस घटना की शिकायत त्रिवेणी रवि ने पुलिस से की जिसके बाद दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया लेकिन समझाइश देकर उन्हें घर भेज दिया गया। आरोप है कि थाने में ही नर्मदा सोनवानी के पुत्र ओमप्रकाश ने उन्हें अपने बोलेरो से कुचलकर मारने की धमकी दी थी।



अस्पताल में भर्ती घायल।



दुर्घटनाकारी बोलेरो।

### रास्ते में किया हमला, पुलिस ने नहीं की मदद

मृतक के बड़े भाई पूरन रवि का कहना है कि थाने में धमकी देने के बाद वे लोग निकल गए। इस दौरान त्रिवेणी रवि अपने दोनों बेटों के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इस दौरान बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 15 सी क्यू 7043 से नर्मदा सोनवानी के पुत्र ओमप्रकाश सोनवानी और उसके मौजूद तिपन व अन्य लोगों ने नकना चौक के समीप कुचलने का प्रयास किया लेकिन वे किसी तरह बच गए। इस घटना के बाद वे भागकर वापस थाने पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। हैरानी की बात तो यह है कि मामला गंभीर होने और जानलेवा हमला होने के बाद भी पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। आरोप है कि मृतक के चचेरे भाई करण रवि का आरोप है कि थाने में मदद मांगने के दौरान पुलिस ने अपने हाथ खड़े करते हुए कह दिया कि हम कुछ नहीं कर सकते। वे लोग थाने में ही रुक जाए अन्यथा घर जाए और पुलिस की यही लापरवाही दो लोगों की मौत का कारण बनी।

### टक्कर की घटना सीसीटीवी में कैद

एक हमले से बचने के बाद पिता पुत्र फिर से बाइक से वापस घर लौट रहे थे लेकिन इस बार आरोपियों ने उन्हें फिर से घेर लिया और पीछे से आकर बाइक सवारों को सड़क किनारे टक्कर मारते हुए कुचल दिया। इस घटना में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना में घायलों को सूरजपुर जिला अस्पताल रिफर किया गया जहां 20 वर्षीय राजा बाबू आ. त्रिवेणी रवि की मौत हो गई। इसके साथ ही पिता त्रिवेणी रवि व भाई करण रवि को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में देर रात 40 वर्षीय त्रिवेणी रवि आ. लक्ष्मण रवि की मौत हो गई जबकि करण रवि का उपचार चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। हत्या की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### चल रही है तलाश

घटना के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच चल रही है। घटना के बाद आरोपी फरार है जिनकी तलाश जारी है, उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

-राजेन्द्र साहू
थाना प्रभारी रामानुजनगर

# हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- अस्पताल में लावारिश की तरह छोड़कर भागे सहकर्मी, निजी कंपनी करा रही विद्युत विस्तार का कार्य

विद्युत लाइन विस्तार के कार्य में ठेकेदार की लापरवाही से हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। करंट की चपेट में आए मजदूर को लेकर उसके सहकर्मी अस्पताल पहुंचे और फिर लावारिश की तरह छोड़कर फरार हो गए। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त की और शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के भैंसाख़ास में कलकत्ता की कैपकॉन आरडीएसएस कम्पनी द्वारा बिजली विस्तार का कार्य कराया जा रहा है।

इस काम में स्थानीय के साथ ही दीगर राज्यों के मजदूर भी काम कर रहे रहे है इन्ही मजदूरों में एक दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बड़े दमाली निवासी 30 वर्षीय ललित लकड़ा आ. प्रदीप लकड़ा भी विद्युत विस्तार के काम में लगा हुआ था। सोमवार की दोपहर काम के दौरान दोपहर लगभग 1.30 बजे अचानक ही विद्युत पोल में हाई वोल्टेज करंट आ गया। इस दौरान करेंट की चपेट में आकर ललित लकड़ा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य मजदूर घायल हो गया। इस घटना के बाद घायल के सहकर्मी उसे लेकर सीतापुर अस्पताल पहुंचे और भर्ती कराने के बाद भाग निकले जबकि घायल युवक के बाद में किसी प्रकार की जानकारी मजदूर देने से बच रहे है। मजदूर के के मौत की जानकारी की अस्पताल प्रबंधन की तरफ से पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करने के बाद उसके परिजन को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंचे जिसके बाद पुलिस ने शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### बिना पंजीकृत मजदूरों से करा रहे काम

बिजली विस्तार हेतु कंपनी द्वारा जिन मजदूरों से कार्य कराया जा रहा है उनमें से ज्यादातर मजदूरो का श्रम विभाग में पंजीयन नही है। जबकि बड़ी कंपनियों द्वारा कराए जाने वाले कामों में पंजीकृत मजदूरों को ज्यादा महत्व दिया जाता है ताकि काम के दौरान होने वाले हादसों के बाद मृतक के परिवार को बीमा आदि का लाभ मिल सके। बिना पंजीकृत मजदूरों से काम कराना एक तरह से अवैध माना जाता है।

# युवक ने खुद के गले व हाथ की काटी नस, गंभीर

- मानसिक रूप से परेशान था युवक

**राजपुर।** क्षेत्र में एक युवक ने अपने ही गले और हाथ पैर की नस काट ली। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 11 निवासी 37 वर्षीय संतोष ठाकुर आ. करमदेव ठाकुर पेशे से सैलून संचालक है और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहा था। युवक शराब पीने का आदि है और परिजन उसका उपचार करा रहे थे। 15 से 20 दिनों पूर्व ही उसकी शराब छुड़ाई गई थी जिसके बाद से ही वह तनाव में था। इस बीच मंगलवार की सुबह 7 बजे संतोष ने अपने घर की छत पर जाकर धारदार हथियार से अपने गले, पैर और हाथ की नस काट ली। गनीमत रही की समय रहते परिजन को इसकी जानकारी लग गई जिसके बाद आनन फानन में युवक को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर क्र दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# सड़क पर मवेशी से टकराकर बाइक सवार गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

- बछिया के रीढ़ की हड्डी टूटी, अब तक मवेशी मालिक नहीं आया सामने

सड़क पर आवारा मवेशी हादसे का कारन बन रहे है। एक बार फिर मवेशी के कारण युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है जबकि बछिया के रीढ़ की हड्डी भी टूट गई है। बताया जा रहा है कि वीरेन्द्र कुमार गुप्ता नामक व्यक्ति सड़क पर बैठी हुई एक बछिया से टकरा गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया है। इस घटना में युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है जबकि घटना के कारण बछिया के रीढ़ की हड्डी भी टूट गई है। बछिया रातभर सड़क किनारे पड़ी रही। सुबह स्थानीय युवाओं राजेश शंकर, संदीप तिवारी, सुनील साहू, टिंकू भाई, सार्थक दुबे ने घायल बछिया का पशु चिकित्सक डॉ. कुशवाहा से उपचार कराया। चिकित्सक के अनुसार बछिया के रीढ़ की हड्डी टूट गई है जिससे वह चल फिर नहीं पा रही है। चिकित्सक की सलाह पर बछिया को विश्रामपुर सेवा केंद्र भेज दिया गया है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि इस घटना के बाद बछिया का मालिक अब तक सामने नहीं आया है। यह स्थिति एक खतरनाक चलन को दर्शाती है, जिसमें पशुपालक दूध उत्पादन तक ही सीमित रहकर बाद में मवेशियों को लावारिस छोड़ देते हैं। ऐसे में लोगों में आक्रोश का माहौल है। लोगों का कहना है कि पशु मालिकों की लापरवाही से आए दिन घटनाएं होती है और लोगों की जान पर बन आती है। ऐसे में कड़ी कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 26 को

**बलरामपुर।** जिपं की सामान्य सभा की बैठक 26 सितंबर को दोपहर02 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्कूल भवन मरम्मत के समस्त कार्यों की जानकारी की समीक्षा, वन विभाग के अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत समस्त निर्माण कार्यों की समीक्षा, पंचायत विभाग अंतर्गत गौण खनिज योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत समस्त कार्यों की समीक्षा, विद्युत विभाग अन्तर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में विद्युत विस्तार तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## पति ने साथ रखने से किया इंकार, गांव में पंचायत के बाद महिला को किया गया युवक के सुपुर्द

# आधी रात प्रेमिका से मिलने पहुंचा युवक, ससुराल वालों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले के लखनपुर क्षेत्र में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। आधी रात को शादी शुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को उसके ससुराल वालों ने पकड़ लिया। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने युवक की जमकर पिटाई की। इसके साथ ही गांव में पंचायत बैठाई गई जहां दोनों के हाथ पैर बांधकर सबके सामने बैठाया गया। महिला के पति ने उसे अपने साथ रखने से मना कर दिया जिसके बाद महिला को उसके प्रेमी के सुपुर्द कर दिया गया। हैरानी की बात तो यह है कि दोनों प्रेमी प्रेमिका के बच्चे है। फिलहाल इस घटना की शिकायत किसी भी पक्ष की ओर से थाने में नहीं की गई है लेकिन अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा है कि भिट्टीकला महुआ टिकरा निवासी महिला का विवाह लखनपुर के पुहपुटरा गांव में हुआ था। महिला के दो बच्चे है लेकिन 22 सितम्बर की रात तेलाई कछार निवासी युवक उक्त महिला से मिलने के लिए उसके ससुराल पहुंच गया था। देर रात घर में प्रेमी प्रेमिका मौजूद थे इसी बीच महिला के ससुराल वालों ने दोनों को पकड़ लिया। परिवार के सदस्यों ने युवक की जमकर पिटाई की। सोमवार को सुबह गांव में परिवार के सदस्यों ने पंचायत बुलाई इस दौरान सैकड़ों लोग मौके पर मौजूद रहे। गांव वालों के सामने महिला के ससुराल वालों ने अपनी बात रखी। इस दौरान महिला और उसके शादी शुदा प्रेमी के हाथ पैर बांधकर उन्हें आंगन में बैठाया गया था। घंटों चली बहस के बाद महिला के पति ने उसे अपने साथ रखने से इनकार कर दिया जिसके बाद महिला को उसके प्रेमी सुपुर्द कर दिया गया। अब इस घटना का वीडियो सीसीटीवी से वायरल हो रहा है। बड़ी बात यह है कि इस घटना की किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई है। थाना प्रभारी लखनपुर शशिकांत सिन्हा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। महिला और पुरुष किसी भी पक्ष से कोई शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



पंचायत करते ग्रामीण।

# 540 लीटर डीजल के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले के सनावल में यूपी से पेट्रोल लाकर अवैध रूप से कमाने का खुलासा हुआ है। पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ने के साथ ही उनके पास से 540 लीटर अवैध डीजल बरामद किया है। तस्कर यूपी से डीजल लाकर आस पास के क्षेत्रों खपाने के साथ ही मोटी कमाई करने का काम करते है। पुलिस ने आरोपियों से 51 हजार रुपए से अधिक का डीजल बरामद किया है। बताया जा रहा है कि 22 सितम्बर को सनावल पुलिस पेट्रोलिंग पर थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की यूपी के बभनी सागोबांध से बड़े पैमाने पर डीजल की तस्करी कर छत्तीसगढ़ लाया जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने त्रिशुली रोड पचावल पुलिया के पास नाकेबंदी कर बोलेरो वाहन क्रमांक यूपी 70 बीई 3092 को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से 18 जरकीन में 540 लीटर डीजल बरामद किया गया। आरोपी यूपी से डीजल खरीदकर उसकी तस्करी सनावल, रामचंद्रपुर क्षेत्र में करने जा रहे थे। पुलिस ने इस मामले में यूपी सोनभद्र जिले के बभनी मनरूटोला निवासी 27 वर्षीय नीरज कुमार आ. सरमन व सागोबांध निवासी 23 वर्षीय संदीप कुमार आ. रामबरन को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से 51 हजार 300 रुपए का डीजल व बोलेरो जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 287, 3(5) व ईसी एक्ट की धारा 3,7 के तहत अपराध दर्ज किया है।



## खबर संक्षेप



### एएसआई गुप्ता पदोन्नत होकर बने एसआई

**सूरजपुर।** पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा एएसआई से एसआई के पद पर पदोन्नति का आदेश जारी किया है जिसमें जिले के एक एएसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता का नाम शामिल है। सोमवार को एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पदोन्नत हुए एएसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता के कंधों पर स्टार लगाकर एसआई पद पर पदोन्नति दी। उन्होंने पदोन्नत हुए एसआई के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अब अपनी नई भूमिका में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आम जनता की सेवा एवं पूर्ण निष्ठा से कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### गुमगा गौठान में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत किया गया पौधों का रोपण एवं साफ-सफाई



**डांड़गांव।** ग्राम पंचायत गुमगा के गौठान में प्रधानमंत्री मंत्री नरेन्द्र मोदी पर मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत वन विभाग के सौजन्य से गुमगा गौठान में एक पेड मां के तहत पौध रोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों के अलावा ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच, समूह की महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने वन विभाग के सौजन्य से गौठान में लगभग पांच सौ से अधिक सागौन, पाम, ईमली, फलदार सहित अन्य प्रजापति के पौध रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के विजन के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। इस दौरान प्रक्षिक्षु रेंजर विकास गुप्ता, अशोक सिंह, बसंत यादव, विष्णु सिंह, अमर नाथ, सरिता भगत, सविता, उमेश्वर, विजय यादव, संत कुमारी वन प्रबंधन समिति के लोग उपस्थित थे।

### कुदरगढ़ धाम में रोपवे निर्माण का शुभारंभ, किया गया भूमिपूजन



**सूरजपुर।** सरगुजा अंचल की आराध्य देवी माता बागेश्वरी के पावन धाम कुदरगढ़ में श्रद्धालुओं की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी होने जा रही है। बहुप्रतीक्षित रोपवे परियोजना के निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत सोमवार को विधिवत भूमि पूजन के साथ हुई। भूमिपूजन कार्यक्रम में कुदरगढ़ न्यास तथा वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा ने विधि-विधान से पूजा कर कार्य का शुभारंभ किया। जिला प्रशासन एवं कुदरगढ़ न्यास ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आरकान इंफ्रा रोपवेज एंड फ्यूचर मोबिलिटी के साथ अनुबंध किया है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं को माता कुदरगढ़ी के दर्शन हेतु चढ़ाई में कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही क्षेत्रीय पर्यटन को भी नई उड़ान मिलेगी। कार्यक्रम में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, नित्यानंद पाठक, अनिल सिंह, मेजर बाबूलाल अग्रवाल, डीएफओ पंकज कमल, अजय गोयल, भुवन भास्कर सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, एसके तिवारी, ओंकार पाण्डेय, अवधेश गुर्जर, राजेंद्र प्रताप सिंह, आशीष प्रताप सिंह, बलराम सोनी, राजेश तिवारी, अजय तिवारी, प्रदीप द्विवेदी, शशांक सिंह, विजय गुर्जर, लवकेश गुर्जर, संदीप अग्रवाल, शैलेन्द्र गुप्ता, नरेश जायसवाल, प्रवीण गुर्जर, अरुण सिंह, विजय राज अग्रवाल, रामजी साहू, राम कुमार बंछोर सहित सरपंच, जनपद सदस्य, तहसीलदार, सीईओ जनपद व बड़ी संख्या में ट्रस्ट के सदस्य एवं पदाधिकारी, कंपनी के विक्रांत सिंह उनकी टीम ट्रस्ट के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पानी टंकी के समीप से चोरों ने पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** केनाबांध निवासी पिन्टू कुमार शर्मा आ. सूर्यदेव शर्मा (25 वर्ष) सोमवार को बाइक क्रमांक सीजी 15 ईडी 5216 से घुटरापारा पानी टंकी के समीप साईड को देखने गया था। युवक बाइक को पानी टंकी के समीप खड़ा कर चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

## उत्साह के साथ शामिल हुए अग्र समाज के लोग

# अग्रसेन जयंती पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा











हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अग्रसेन जयंती शहर में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। अग्रवाल सभा द्वारा अग्रसेन भवन से भव्य शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो में भ्रमण करने के पश्चात पुनः अग्रसेन भवन में समाप्त हुई।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल सभा द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। 8 से 22 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सभा द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में समाज के महिला, पुरुष, युवा व बच्चों के लिए विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। 11 सितंबर को विधिवत अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ अग्रसेन भवन में अग्रसेन महाराज का ध्वज फहरा कर किया गया। अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान चित्रकारी प्रतियोगिता, सामाजिक नारा लिखो प्रतियोगिता, सुडोकू प्रतियोगिता, टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता, लूडो प्रतियोगिता विविध वेशभूषा प्रतियोगिता, दौड़ प्रतियोगिता, साइकिल रेस, वॉलीबॉल प्रतियोगिता, बैडमिंटन प्रतियोगिता छोटे बच्चों हेतु जलेबी दौड़, फुग्गा दौड़, ट्राई साइकिल रेस, सामान पहचानो, अग्र आइडल,वेट लॉस प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता गेट रेडी फॉर स्कूल प्रतियोगिता, जोड़ी कमाल की प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, स्लो स्कूटी प्रतियोगिता, मैं और मेरी बाई प्रतियोगिता, सीन पर प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अग्रसेन जयंती पर रविवार को अग्रसेन भवन से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के लोग झूमते नाचते नजर आए। उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने बताया कि भगवान श्री राम के 35 वीं पीढ़ी भगवान अग्रसेन के जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में लगभग 6 से 8 हजार समाज के लोग शामिल हुए। पिछले 15 दिवस से खेलकूद सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान अग्रवाल सभा अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल सहसचिव घनश्याम गर्ग, पवन गर्ग, कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, लेखपरीक्षक संजय जालान, सलाहकार मनोज जैन, प्रवक्ता मनोज अग्रवाल,भोजन प्रभारी विनोद अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, रुपेश अग्रवाल, युवा मंच अध्यक्ष यश गर्ग, महिला सभा अध्यक्ष सीमा अग्रवाल सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### विंटेज कार एवं झांकी बनी रही आकर्षण

शोभायात्रा में उज्जैन की भव्य भस्म आरती, नागपुर के ढोल, छह विंटेज कार आकर्षण का केन्द्र बनी रही। शोभायात्रा में अग्रसेन जी की जीवंत झांकी भी निकाली गई। श्री अग्रसेन जी महाराज से जुड़े प्रसंगों को भी झांकियों में दर्शाया गया। शोभायात्रा में ध्वज के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। डीजे के धुन में भी श्रद्धालु झूमते रहे।

## अग्रसेन जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम



**भैयाथान।** मंगल भवन में अग्रसेन जयंती बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विशेष रूप से शिरकत की। पूजा-अर्चना और आरती के बाद मंगल भवन से नगर भ्रमण हेतु भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जयंती पर समाज के बच्चों और युवाओं के लिए विविध खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें कुर्सी दौड़, आनंद मेला, मोमबत्ती गेम और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता प्रमुख आकर्षण रहीं। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अग्रसेन जयंती की बधाई देते हुए सामाजिक एकता की सराहना की। इस अवसर पर राजेंद्र अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, प्रेमचंद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, त्रिलोक अग्रवाल, घनश्याम दास अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, राज अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, संजय अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, भोले अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, शिव अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### अग्रवाल समाज ने धूमधाम से मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

**सीतापुर।** अग्रवाल समाज ने महाराजा अग्रसेन की 5149 वी जयंती बड़े भक्तिभाव एवं धूमधाम के साथ मनाई। इस दौरान अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम समेत रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें समाज के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। महाराजा अग्रसेन जयंती के दौरान अग्रसेन भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में समाज के बुजुर्ग सदस्यों को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा रक्तदान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी युवा प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के वक्ताओं ने महाराजा अग्रसेन के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज की भलाई के लिए काम करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में नवरात्रि के पहले दिन महाराजा अग्रसेन की झांकी के साथ शहर में भव्य शोभायात्रा के निकाली गई। शोभा यात्रा गाजे बाजे एवं आतिशबाजी के साथ पूरे शहर का भ्रमण करते हुए वापस अग्रसेन भवन पहुंची जहां महाप्रसाद का वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।इस अवसर पर अग्रवाल समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ता समेत महिला पुरूष एवं युवा सदस्य काफी संख्या में शामिल थे।



***रामानुजगंज।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक पश्चात जनदर्शन का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के समक्ष रखा। उन्होंने प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुन जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• सिर दर्द एवं माइग्रेन
• लकवा (पैरालाइसिस)
• चक्कर बेहोशी
• हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
• मिर्गी, फिट
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक न्यूरोपैथी
• हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ. सिद्धार्थ साहू
MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक - 21 सितम्बर 2025, रविवार
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षो का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विषेशज्ञ
डॉ.आशीश जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ.हेमन्त कुमार बी - शिशु एवं बाल्य रोग विषेशज्ञ
डॉ.सोनल गार्डिया - जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ.भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - नाक कान गला रोग विषेशज्ञ
डॉ.नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.रोशन आरा - एम.डी.,आर.डी.(सोनोग्राफी) विषेशज्ञ
डॉ.हिमांशु गुप्ता - कैंसर रोग विषेशज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विषेशज्ञ
डॉ.अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 21 सितम्बर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 20 सितम्बर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल , रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 28 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
दिनांक 24 सितम्बर 2025 दिन - बुधवार
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

## खबर संक्षेप

### डॉ. गुप्ता को मिला वैश्विक सम्मान



**रामानुजगंज।** वार्ड क्रमांक-9 स्थित स्टेट बैंक रोड निवासी डॉ. सचिन कुमार गुप्ता का नाम विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया गया है। यह सूची अमेरिका की प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी एवं वैश्विक वैज्ञानिक प्रकाशन संस्था एल्सेवियर द्वारा सितंबर में जारी की गई है। डॉ. गुप्ता को यह सम्मान सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, विशेषकर नेटवर्किंग एवं दूरसंचार क्षेत्र में किए गए उनके उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। वर्तमान में वे सतीश धवन अंतरिक्ष विज्ञान केंद्र, केंद्रीय विश्वविद्यालय जम्मू के अंतर्गत इसरो केंद्र के एवियोनिक्स विभाग में रिसर्च प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत हैं। अपनी इस उपलब्धि पर डॉ. सचिन कुमार गुप्ता ने कहा कि उनकी यह सफलता उनके माता-पिता जयंती देवी एवं कृष्ण कुमार गुप्ता के आशीर्वाद और त्याग का परिणाम है। उन्होंने अपने चाचा बसंत कुमार गुप्ता, अधिवक्ता अरुण कुमार गुप्ता और विनोद कुमार गुप्ता के योगदान सराहना की। उन्होंने चाचा अरुण कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और प्रेरणा को अपनी सफलता का आधार बताया। डॉ. गुप्ता ने कहा कि उनकी यह यात्रा बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने युवाओं से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर जिले और देश का नाम रोशन करें। डॉ. गुप्ता की इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही जिले में हर्ष का माहौल है।

### अनिता मंदिलवार को मिला अंतर्राष्ट्रीय शांति पुरस्कार



**अम्बिकापुर।** अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस पर अनिता मंदिलवार सपना को शांति फाउंडेशन गोण्डा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अनिता मंदिलवार समाजसेवा, साहित्य, शिक्षा के साथ-साथ अन्य जागरूकता कार्यक्रम में सक्रिय रहती है। साहित्यिक योगदान के लिए इन्हे अनेक सम्मान मिले है।

### जीएसटी सुधारों से लोगों को मिलेगा प्रत्यक्ष लाभ



**अम्बिकापुर।** कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र तिवारी ने बताया कि नए जीएसटी सुधारों से उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा, जिससे उनकी क्रय-शक्ति बढ़गी। साथ ही रिटेल सेक्टर की मांग में वृद्धि होगी, उद्योग जगत का उत्पादन तेजी से बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। हाल ही में सरकार द्वारा पहले आयकर में छूट, फिर आरबीआई द्वारा 1 फीसदी रेपो रेट में कमी से बाजार में 2.5 लाख करोड़ रूपये की अतिरिक्त तरलता और अब जीएसटी सुधार से व्यापार एवं उद्योग जगत के लिए स्वर्णिम अवसर तैयार किया है।

### इस्कॉन ने की संप्रेक्षण में आध्यात्मिक संगोष्ठी, भेंट की गई गीता

**अम्बिकापुर।** सेवा किटी समूह द्वारा बालक सम्प्रेक्षण गृह एवं विशेष बालक गृह में आध्यात्मिक संगोष्ठी आयोजित की गयी। संगोष्ठी में वृंदावन एवं मायापुर कोलकाता की इस्कॉन के सदस्यों ने अपचारी बच्चों को नैतिक शिक्षा दी। बच्चों व स्टाफ को भागवत गीता भेंट कर इसका नियमित वाचन करने की सीख दी गई। सदस्यों ने कहा कि गीता के नियमित पाठ से जीवन में परिवर्तन और जीवन जीने का मार्गदर्शन मिलता है। इस दौरान समूह की वंदना दत्ता, नीलिमा गोयल, स्मिता तिवारी शिवेस सिंह, अधीक्षिका सुश्री मधुमती सिंह, शमा नूरी, नीतू कुशवाहा, देवेंद्र देशमुख, मनीष कुशवाहा, वीरेन्द्र तिर्की आदि उपस्थित थे।

### सरगुजा में होगी नेटबॉल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता




**अंबिकापुर।** नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की वार्षिक बैठक तिल्दा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने की। बैठक में प्रदेश के 19 जिलों के अध्यक्ष व सचिव समेत पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और एसोसिएशन के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है। लगातार प्रदेश की टीमें राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रही हैं और आगामी सत्रों में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाएगा। आने वाले दिनों में सरगुजा जिले में नेटबॉल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। बैठक के दौरान महासचिव राजेश राठौर ने आगामी वर्ष की रूपरेखा और बजट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ सरगुजा के सचिव रजत सिंह, खुशबू गुप्ता सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

### रामानुजगंज 100 बिस्तरीय अस्पताल के मरीज बाहर उपचार कराने को मजबूर

# फिजियोथैरेपिस्ट, ब्लड बैंक एवं डायलिसिस की सुविधा नहीं होने से बढ़ी मरीजों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

100 बिस्तरीय अस्पताल में फिजियोथेरेपिस्ट, ब्लड बैंक एवं डायलिसिस की सुविधा नहीं होने से मरीजों सहित परिजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। परिजन मरीज को अस्पताल लेकर आते है लेकिन सुविधा के अभाव में मेडिकल कॉलेज अस्पताल या फिर रायपुर, बिलासपुर ले जाने को मजबूर है। क्षेत्र के युवाओं ने कलेक्टर एवं सीएमएचओ को ज्ञापन सौंप 100 बिस्तरीय अस्पताल में सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

**खास बात**

- क्षेत्र के लोगों ने कलेक्टर एवं सीएमएचओ का सौंपा ज्ञापन

जिला अस्पताल एवं रामानुजगंज 100 बिस्तरीय अस्पताल में हर रोज नगर सहित आसपास क्षेत्र से हर रोज बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटना सहित विभिन्न बीमारी से पीड़ित बढ़ी संख्या में ग्रामीण उपचार कराने पहुंचते है। अस्पताल में गंभीर मरीजों का प्राथमिक उपचार कर रेफर किया जाता है लेकिन कई मरीज ऐसे होते है जिनका उपचार अस्पताल में ही हो सकता है लेकिन अस्पताल में सुविधा के अभाव में परिजन निजी या मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अलावा रायपुर या बिलासपुर अस्पताल ले जाने को मजबूर है। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा लगातार बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी बुनियादी सुविधाओं की कमी ने लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। ठंड का मौसम शुरू होते ही जिले में ब्रेन स्ट्रोक, पैरालिसिस और ब्रेन हेमरेज जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। अस्पताल में मेडिसिन डॉक्टर उपलब्ध होने के बावजूद मरीजों को राहत नहीं मिल पाती। अस्पताल में फिजियोथेरेपी सुविधा नहीं होने के कारण पैरालिसिस के मरीजों की परेशानी बढ़ जाती है जबकि पैरालिसिस मरीज को नियमित एक्सरसाइज की आवश्यकता होती है। जिले में एक भी फिजियोथैरेपिस्ट नियुक्त नहीं हुई है। इससे न केवल पहले से बीमार मरीजों को दिक्कत हो रही है बल्कि दिव्यांग बच्चों और बुजुर्गों को भी निरंतर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपता युवक।

**चल रही है प्रक्रिया**

जब से रामानुजगंज सीएससी 100 बेड में तब्दील हुआ है तब से वहां हम कोशिश कर रहे हैं इंफ्रा ओटी वगैरा सुविधा में वृद्धि कर पाए। करीब 1 करोड़ 68 लाख स्वीकृति हुई है जिसमें ओटी स्थापना, डायलिसिस और ब्लड स्टोरेज का सुविधा रहेगी जो की प्रक्रिया में है। यह काम सीजीएमएससी से होना है जो प्रक्रिया में है।

-डॉ. बसंत कुमार सिंह
सीएमएचओ बलरामपुर

**नहीं है ब्लड बैंक व डायलिसिस की सुविधा**

रामानुजगंज क्षेत्र में एनीमिया और सिकलिंग पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक है। ऐसे में बीमारियों से जूझ रहे पीड़ितों हर महीने ब्लड चढ़ाने की आवश्यकता होती है। ऐसे में ब्लड बैंक नहीं होने के कारण परिजन सहित मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में रामानुजगंज और आसपास के ग्रामीण इलाकों के मरीजों को ब्लड के लिए बलरामपुर जाना पड़ता है। इससे समय, धन और ऊर्जा की बर्बादी होती है, साथ ही गंभीर परिस्थितियों में मरीजों की जान पर भी खतरा मंडराता है। इसके अलावा किडनी रोगियों को नियमित डायलिसिस की आवश्यकता होती है, लेकिन रामानुजगंज में सुविधा का अभाव है जिससे मरीजों को रायपुर, अंबिकापुर या बलरामपुर जाना पड़ता है।

**युवाओं ने सौंपा ज्ञापन**

जिले के युवाओं ने क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की मांग को लेकर कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। युवाओं ने 100 बिस्तर अस्पताल में फिजियोथैरेपिस्ट की नियुक्ति, ब्लड बैंक की स्थापना और डायलिसिस यूनिट शुरू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। युवाओं का कहना है कि अस्पताल में सुविधा उपलब्ध हो जाने से समस्या का स्थाई समाधान होगी। इस दौरान विष्णु, दित्य राज, प्रेम केसरी, प्रिंस जायसवाल, बाबूलाल, शुभम गुप्ता उपस्थित रहे।

---

# चूल्हे की गर्म राख से झुलसा मासूम, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बेसूध होकर सोना उस समय माता पिता को भारी पड़ गया जब मां के साथ सो रहे मासूम न सिर्फ चूल्हा में घुस गया बल्कि गर्म राख से गंभीर रूप से झुलस गया। हैरानी की बात तो यह है कि गर्म राख की चपेट में आने मासूम बिलख रहा था लेकिन रोने की आवाज माता पिता को सुनाई नहीं दी। जबकि पड़ोसी महिला ने बच्चे के रोने की आवाज सुन कर मासूम को चूल्हा से निकाला। परिजन मासूम को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

- कमाता पिता सोते रहे और मासूम घुस गया था चूल्हा में

जानकारी के अनुसार मनोरा थाना अंतर्गत ग्राम कपरोल निवासी विजय साय का चार माह का अयांश साय 15 सितंबर की रात मां सिलना के साथ चूल्हा से कुछ दूर सो रहा था जबकि विजय घर के परछी में सो रहा था। इसी बीच देर रात अयांश मच्छरदानी ने बाहर निकल गया और चूल्हा में घुस गया। चूल्हा के गर्म राख से झुलसने पर रोने लगा। काफी देर तक मासूम रोता रहा लेकिन माता पिता को बच्चे की रोने की आवाज सुनाई नहीं दी।इसी बीच पड़ोसी बुधनी बाई काफी समय से बच्चा के रोने की आवाज सून विजय के घर आई तो उसके होश उड़ गए। बच्चा चूल्हा में घुसा हुआ था। बुधनी ने बच्चा को चूल्हा से निकाल दंपत्ति को जगाया। परिजन मासूम स्थानीय अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात वापस घर लेकर आ गए। गत दिन मासूम की तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मासूम की मौत हो गई।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

ग्राम कसकेला मुख्य मार्ग पर कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए एक ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम बरौल निवासी करमचंद्र प्रजापति आ. स्व. चमरू राम प्रजापति (37 वर्ष) रविवार को गांव के राजमिस्त्री अच्छेलाल के साथ ग्राम करौटी समय लाल के घर काम करने गए थे। रात लगभग 9.30 बजे वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम कसकेला मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक सीजी 29 एडी 0911 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों को तत्काल निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रात 11.30 बजे उपचार के दौरान करमचंद की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

---

## सत्कर्मों से जीवनकाल में ही मोक्ष की प्राप्ति संभव



**अम्बिकापुर।** महामना मालवीय मिशन द्वारा सुरेन्द्र गुप्ता के निवास पर गीता पाठ एवं आध्यात्मिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में ललित मोहन तिवारी ने कहा कि गीता का संपूर्ण सार 18वें अध्याय में है। कृष्ण ने कहा कि कर्म ही पूजा है। हर मनुष्य के अंदर 23 इंद्रिय विकार होते हैं। इन विकारों से मुक्ति ईश्वर कृपा से ही संभव है।

विशुद्ध बुद्धि, सात्विक आहार, विषयों का निग्रह तथा इंद्रियों को वश में करके मनुष्य जीवन को सार्थक बना सकता है। गीता का रहस्य समझकर मनुष्य जीवनकाल में ही मुक्ति पा सकता है। सांसारिक वृत्तियों से मन को हटाकर सत्कर्म एवं ईश्वर में मन को लगाना ही मोक्ष है। सुनीलदत्त पाण्डेय ने कहा कि सन्यासी कामना का त्याग करते हैं। त्याग सात्विक, राजसी तथा तामसी कहे गये हैं। कर्म के फल को त्यागना ही त्याग है। हमें आसक्ति का त्याग कर कर्म करना चाहिए। यह माया से घिरा हुआ गुण और विकार से युक्त संसार है। ईश्वर की शरण में ही शांति और मोक्ष संभव है। दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अति गोपनीय गीता का रहस्य समझाया जो प्राणी मात्र के कल्याण का कारक है। श्रीकृष्ण ने अर्जुन के मोहजनित व्यथा को दूर किया। ज्ञान और सन्यास योग को समझकर भगवान की शरण में जाने से अभूतपूर्व आनंद और शांति की प्राप्ति होती है। ईश्वर को समर्पित भाव से मनुष्य को अपने स्वाभाविक नियत कर्म को पूरी दक्षता के साथ करना चाहिए। संगोष्ठी में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

इस दौरान राम नारायण शर्मा, रणविजय सिंह तोमर, अशोक सोनकर, सचिदानंद पाण्डेय, हरिशंकर सिंह, आरएन अवस्थी, जय गुप्त, दुर्गा प्रसाद तिवारी, प्रकाश कश्यप आदि उपस्थित थे।

---

# सेवा पखवाड़े के तहत मांगलिक भवन में जन सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू किए गए सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में जन सम्मेलन का आयोजन किया गया।

भाजपा द्वारा आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन में मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज ने प्रमुख प्रबुद्धजनों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय साख को नई ऊंचाई प्रदान की है। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत अपनी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम है।उन्होंने बताया कि विश्व के 27 देशों द्वारा प्रधानमंत्री को सम्मानित किया जाना भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को दर्शाता है। पूर्व जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि 2014 में जब श्री मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तभी देश में एक नई आशा का संचार हुआ। जन सम्मेलन कार्यक्रम के प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास जनता का अटूट विश्वास है। उनके नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत संकल्प और महिला सशक्तिकरण जैसे कार्य संभव हो पाए हैं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित ने किया। सम्मेलन में मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष आरके पटेल, सुभाष जायसवाल, एसपी निगम, सुभाष केशरी, सेवा निवृत्त प्रधान पाठक लालमन सोनी, विनोद जायसवाल, रामशंकर दुबे, सौरभ जायसवाल, पंचम कुशवाहा, हरवंश मेहता, विपिन पाठक, अजय गुप्ता, लालमोहन कश्यप, सीताराम गुप्ता, अशोक जैन, तारावती सिंह, शर्मिला गुप्ता, अरुण केशरी, शैलेश गुप्ता, राजेश्वर गुप्ता, रमेश केशरी, अजित पिंटू गुप्ता, प्रमोद कश्यप,बीडीलाल गुप्ता, शीला जायसवाल, मुकेश जायसवाल, अश्विनी गुप्ता, अजय यादव, ऊषा गुप्ता, पवन गुप्ता, सिद्धांत यादव, विकास गुप्ता, अनोज यादव, अनूप कश्यप, गफ्फार खान, अंकित गुप्ता, जमरुद्दीन, अमित सिंह सहित बड़ी संख्या में सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारी, अधिवक्ता, व्यापारी, डॉक्टर सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

### कोल इंडिया कर्मचारियों का बोनस भुगतान अधर में, श्रमिक यूनियन ने दशहरा से पहले राशि भुगतान की मांग की

**बिश्रामपुर।** त्यौहारों के मौसम में कोल इंडिया के लाखों कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों का उत्साह फीका पड़ता नजर आ रहा है,अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुजीत सिंह ने सीएमडी को पत्र लिखकर मांग की है कि दशहरा से पहले सभी स्थाई कामगारों के बैंक खातों में एक लाख रुपए और ठेका श्रमिकों के खातों में 10 हजार रुपए उत्सव अग्रिम राशि के रूप में जमा किए जायें,महामंत्री सुजीत सिंह ने अपने पत्र में स्पष्ट कहा है कि 22 सितम्बर को नई दिल्ली में प्रस्तावित मानकीकरण समिति की बैठक स्थगित होने के कारण कामगारों का वार्षिक बोनस अधर में अटक गया है,ऐसे में यदि समय रहते अग्रिम राशि का भुगतान नहीं हुआ तो त्यौहार का आनंद फीका हो जाएगा,वहीं दूसरी ओर एसईसीएल एसकेएमएस एटक के महासचिव अजय विश्वकर्मा ने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा मानकीकरण समिति में इंटक को आने से रोकने के लिए कोलकाता हाईकोर्ट के डबल बेंच में अपील दायर करने का दांव उल्टा पड़ गया है,हाईकोर्ट ने अंतिम निर्णय तक मानकीकरण समिति की बैठक पर ही रोक लगा दी है, एटक और सीटू यूनियन सीआईएल प्रबंधन के फैसले से आहत हैं,2 लाख 20 हजार स्थाई कर्मचारी और लाखों ठेका श्रमिक व उनके परिवार के समक्ष दुर्गा पूजा उत्सव का रंग फीका पड गया है,एटक व सीटू यूनियन ने संयुक्त रूप से मांग की है कि कोल इंडिया कामगारों को मंगलवार से एक-एक लाख रुपए का अग्रिम राशि का भुगतान किया जाए,साथ ही कोल इंडिया प्रबंधन को आगाह किया गया है कि अग्रिम राशि के भुगतान की मांग पूरी कराने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

---

# शासकीय कर्मचारियों को 30 तक करना होगा ई-केवायसी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



कलेक्टर एस जयवर्धन ने समय सीमा की बैठक में आदि कर्मयोगी अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

- समय सीमा की बैठक में आदि कर्मयोगी अभियान व आदि सेवा केन्द्र के संचालन को लेकर की चर्चा

उन्होंने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान एक विकेंद्रीकृत आदिवासी नेतृत्व और शासन पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण हेतु राष्ट्रीय अभियान है। इस अभियान के तहत क्षमता निर्माण, अभिसरण और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से आदिवासी परिवर्तनकर्ताओं को सशक्त बनाना है। आदि कर्मयोगी अभियान की सफलता, सुचारू संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए चिन्हित सभी 284 गांव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी चिन्हिंत ग्रामों में बनाये गए आदि सेवा केन्द्र के लिए कलेक्टर ने नियुक्त नोडल को आदि सेवा केन्द्र की सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने आदि सेवा केंद्र में सभी आदि सहयोगी व साथी द्वारा दीवार लेखन करवाने, शिकायत निवारण पंजी संधारित करने, आदि सेवा केन्द्र में संबंधितों द्वारा आदिवासियों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विलेज एक्शन प्लान बनाने, पोर्टल पर लॉगिन आई डी बनाकर गतिविधियां की फोटो अपलोड करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में कलेक्टर ने जिले के समस्त शासकीय कर्मचारियों को प्रोफाइल एम्प्लॉय कार्नर ऐप या एम्प्लॉई कॉर्नर पोर्टल के माध्यम से अद्यतन करने के निर्देश दिए। जिसके तहत सभी को ई-केवायसी का कार्य निर्धारित समय-सीमा 30 सितम्बर तक प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए गए।

---

## सिलफिली उद्यानिकी महाविद्यालय के लिए आबंटित जमीन का आज होगा सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सूरजपुर जिले में लंबे समय से चर्चित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिलफिली की स्थापना को लेकर अब प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूर्ण कर ली गई है,महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु बुधवार 24 सितंबर को राजस्व,महाविद्यालय प्रबंधन और पुलिस की मौजूदगी में भूमि की सीमांकन कार्य पूर्ण कराई जाएगी। गौरतलब है कि राज्य शासन ने 4 जुलाई 2025 को जारी आदेश में ग्राम पंचायत मदनपुर की 13.89 हेक्टेयर और करवां की 18 हेक्टेयर भूमि उद्यानिकी महाविद्यालय के नाम हस्तांतरित की है,कलेक्टर सूरजपुर ने उक्त भूमि का सीमांकन कर भौतिक अधिपत्य सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है,यह कदम महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता को जमीन सौंपने और निर्माण प्रक्रिया शुरू करने की दिशा में अहम माना जा रहा है,इसी आबंटित भूमि का 24 सितंबर को सीमांकन किया जाएगा,तहसीलदार लटोरी द्वारा भूमि सीमांकन कार्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस को भी पर्याप्त संख्या में मौके पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं,लोगों का मानना है कि प्रस्तावित यह महाविद्यालय न सिर्फ क्षेत्र के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का केंद्र बनेगा,बल्कि किसानों को भी उन्नत कृषि और बागवानी तकनीक से जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाएगा,यहां होने वाले शोध और प्रशिक्षण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है,लोगों का कहना है कि इस संस्थान की स्थापना से इलाके में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे,खेत-खलिहानों में वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा मिलेगा और फल-सब्जियों की पैदावार में गुणात्मक सुधार होगा। हालांकि जिस भूमि का मदनपुर में महाविद्यालय हेतु भूमि आबंटन की प्रक्रिया पूर्ण कराई जा रही है,उक्त शासकीय भूमि पर कई परिवार वर्षों से काबिज हैं,ऐसी स्थिति में यहां पर तनाव की स्थिति निर्मित होने की भी संभावना है।

---

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है, इसके अंतर्गत विकासखंड में 17 सितम्बर को सभी पीएचसी एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 860 महिलाओ का स्क्रीनिंग किया गया।

18 सितम्बर को सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती सिंह एवं जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुखमनिया आयाम द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा के मण्डल अध्यक्ष मुकेश तायल, विश्वजीत सोनी, लक्ष्मी गुप्ता, सौरभ, नीलम रजक, लालती सिंह, आलम सिंह, संतोष यादव, अमलेश्वर सिंह, विक्रम नामदेव सहित अन्य लोगों नें रक्त दान किया। शिविर में 480 महिलाओं का बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, सिकलिंग, मलेरिया जांच कर उपचार किया गया। 19 सितंबर को बच्चों और माताओं के टीकाकरण के साथ माहवारी स्वच्छता, पोषण आहार पर 44 स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगा कर समझाइश दी गई जिसमें 672 लाभान्वित हुए। आज पूरे क्षेत्र में बालिका छात्रावास और पंडो जनजाति क्षेत्रों में महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। जांच के लिए 44 टीम लगी हुई है। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजित दीवान, हफ़्ज़ि अंसारी, विनोद रवि, आदर्श चक्रधारी, चिरंजीव सिन्हा, गंगा राम, सज्जू सिंह, सुनीता श्रेष्ठ, सुशीला बड़ा, नीलिमा अम्बस्ट, राज लक्ष्मी सिकदार, अमर शीला, स्नेहलता भगत, रीता सिंह, आशमा, पार्वती, ज्योति पैकरा सहित अन्य उपस्थित रहे। 24 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती का सोनोग्राफी किया जाना है, गर्भवती माताओं को समय पर आने की बात खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजित दीवान ने कही।

---

### मचान पर सो रही महिला को जहरीले सांप ने डसा, मौत

**अम्बिकापुर।** धान की फसल एवं पंप की रखवाली के लिए पति के साथ मचान पर सो रही महिला को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन महिला को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम रजोरी चट्टानपारा निवासी शांति तिर्की पति करन तिर्की (31 वर्ष) बीती रात भोजन करने के पश्चात पति के साथ घर के समीप धान की फसल एवं पंप के सुरक्षा के लिए बनाए गए मचान पर सो रही थी। इसी बीच रात लगभग 10.30 पैर में कुछ काट लेने पर महिला उठी और पति को बताई। पति ने बिस्तर को देखा तो उसके होश उड़ गए। मचान स्थित बिस्तर में जहरीला सांप था। सांप के काट लेने पर परिजन तत्काल महिला को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन महिला को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज सुबह 6 बजे उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## खबर संक्षेप



### स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत दुकानों एवं शासकीय संस्थाओं को दिया गया डस्टबिन

**मैनपाट।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत नर्मदापुर के सभी दुकानों, शासकीय संस्थाओं एवं सार्वजनिक स्थानों पर सूखा कचरा एकत्र करने हेतु डस्टबिन का वितरण किया गया। स्वच्छता दीदियों द्वारा सप्ताह में 2 दिन इन स्थानों पर जाकर कचरा एकत्र किया जाएगा। इस कार्य हेतु पंचायत द्वारा प्रत्येक महीने 100 रुपए राशि निर्धारित की गई है। प्रथम चरण में इसकी शुरुआत दुकानों एवं शासकीय संस्थाओं से की गई है दूसरे चरण में सभी घरों में डस्टबिन का वितरण किया जाएगा। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष श्री अनिल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष जमुना यादव, सुरजू यादव, सरपंच ललिता बाई, उप सरपंच सोनू अग्रवाल, जनपद सदस्य धीरन राम, सचिन सिकंदर प्रजापति रोजगार सहायक अजय यादव उपस्थित थे।

### एनसीसी कैडेट्स ने की रेणुका नदी छठ घाट की साफ-सफाई



**सूरजपुर।** सीजी कोरबा बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी करनाल एस सेंट्रल कुमार एवं एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अमित यादव के निर्देशानुसार विश्व नदी दिवस के अवसर पर एनसीसी यूनिट शासकीय बालक उत्तर माध्यमिक विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने रेणुका नदी छठ घाट की साफ सफाई की। साथ ही नदी को सदैव जीवित संरक्षित व स्वच्छ रखेंगे की शपथ ली। इस दौरान 43 कैडेट्स 43 कैडेट्स एनसीसी ऑफिसर सुनील दत्त तिवारी, सीनियर एनसीसी कैडेट विक्की विश्वकर्मा, विद्यालय के व्याख्याता मुकेश सिंह व तुषार यादव मौजूद रहे। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष पुणे एनसीसी यूनिट द्वारा रेणुका नदी के तट को 2 किलोमीटर के लंबाई में में स्वच्छ किया जाएगा।

### दुर्गा पूजा के अवसर पर अनोखी सोच द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**अम्बिकापुर।** अनोखी सोच संस्था द्वारा प्रति वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन मणिपुर दर्रीपारा मोहल्ले में किया जाता है। इस वर्ष आयोजन का दसवाँ वर्ष है। संस्था द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में संस्था द्वारा सोमवार को दुर्गा पूजा पंडाल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, परंपरा और कला को प्रोत्साहित करना तथा प्रतिभागियों की रचनात्मकता को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में कुल 50 की संख्या में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी अद्भुत कलात्मकता से सभी का मन मोह लिया। प्रतिभागियों ने पारंपरिक एवं आधुनिक डिज़ाइनों के माध्यम से मेहंदी कला की विविधता और सुंदरता को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा रचनात्मकता, आकर्षण, साज-सज्जा तथा साफ-सुथरे प्रस्तुती करण के आधार पर किया गया ।

## अतिक्रमणमुक्त वनभूमि में कराया जा रहा प्लांटेशन

# अवैध अतिक्रमण पर सख्त हुआ वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



अतिक्रमण हटाते वनकर्मी।

बलरामपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में बेखौफ चल रहे अवैध अतिक्रमण पर विभाग सख्त हो गया है। विभाग का मैदानी अमला अवैध अतिक्रमण का चिन्हांकन करने के साथ ही भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर रहा है। मंगलवार को वन अमला ने वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर अंतर्गत उदारी जंगल में 20 हेक्टेयर एवं कोगवार जंगल में 5 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

**खास बात**

- कोगवार एवं उदारी जंगल में 25 हेक्टेयर वनभूमि को किया गया अतिक्रमण मुक्त

वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर एवं रघुनाथ नगर की सीमा यूपी तथा एमपी से सटी है। सीमावर्ती क्षेत्रों में लम्बे समय से पड़ोसी राज्यों के लोग निवासरत हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने वर्षों पूर्व वनभूमि पर अतिक्रमण कर लिया है तथा वर्तमान में भी अतिक्रमण करने की लगातार कोशिशें कर रहे हैं। शासन के निर्देश पर विभाग द्वारा अब अतिक्रमण का चिन्हांकन करने उप वन मण्डलाधिकारी श्री मिश्रा ने बताया कि वन मण्डलाधिकारी के निर्देश पर लगातार अवैध अतिक्रमण का चिन्हांकन कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

### इन क्षेत्रों में अतिक्रमण

वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत चलगली, कोगवार एवं प्रेमनगर वही वन परिक्षेत्र बिहारपुर अंतर्गत बलंगी जंगल में वनभूमि में अवैध अतिक्रमण की अत्यधिक शिकायतें हैं। वन परिक्षेत्र बिहारपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में आवागमन कम होने के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने वन भूमि को खेत बना दिया है। प्रेमनगर-रामानुजगंज मार्ग में सड़क किनारे की वन भूमि पर ग्रामीणों ने जगह-जगह अतिक्रमण कर लिया है। कुछ ने वन भूमि पर अस्थाई निर्माण कर लिया है तो कई निर्माण करने की तैयारी कर रहे हैं। प्रेमनगर में मुख्य मार्ग के किनारे की वनभूमि पर भी ग्रामीण अतिक्रमण कर रहे हैं।

### रेत का भी अवैध परिवहन

वन परिक्षेत्र रघुनाथ नगर अंतर्गत बलंबी एवं वाड्रफनगर स्थित रकसगंडा स्थित रेड़ नदी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर रहे हैं। वन क्षेत्र होने के कारण अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन को रोकने की पहल नहीं हो रही है। यूपी में रेत की कीमत अत्यधिक होने के कारण तस्कर जंगल के रास्ते धड़ल्ले से रेत की तस्करी कर रहे हैं। तस्कर रेत के नीचे इमारती लकड़ी की तस्करी कर यूपी में खपा रहे हैं।

### की जा रही कार्रवाई

विभाग द्वारा अवैध अतिक्रमण एवं लकड़ी तस्करी के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। रेंज स्तर एवं वनमंडल स्तर पर इसके लिए टीमें गठित की गई हैं तथा वन अमले को अवैध अतिक्रमण चिन्हांकित करने के निर्देश दिए गए हैं।

-आलोक बाजपेयी
डीएफओ, बलरामपुर



# नशीले इंजेक्शन के साथ तीन गिरफ्तार, मोबाइल व बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नशीली इंजेक्शन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रतापपुर पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस ने न सिर्फ नशे के तीन कारोबारी युवक को पकड़ा बल्कि युवकों के पास से एक लाख कीमत के 180 नग इंजेक्शन जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के सख्त निर्देश पर थाना-चौकी की पुलिस द्वारा लगातार नशे के अवैध कारोबारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को क्षेत्र में गश्त कर रहे प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि 3 युवक 2 बाइक से नशीली इंजेक्शन लेकर बिक्री करने पोड़ी चौक के पास ग्राहक की तलाश में घुम रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच बाइक सवार त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम कृष्ण नगर निवासी संतोष पाल उर्फ बिल्ला आ. स्व. नन्दूपाल (22 वर्ष), भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम करौदा बस्ती निवासी बबलू राजवाड़े आ. टेमसाय (19 वर्ष) व अनिल सिंह आ. स्व. रामाशंकर सिंह (19 वर्ष)को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 लाख कीमत के 180 नग नशीली इंजेक्शन बरामद किया। साथ ही 3 मोबाईल व 2 बाइक को जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अमित कौशिक, एएसआई बजरंगी लाल चौहान, प्रधान आरक्षक रविशंकर चौबे, आरक्षक राजकुमार पासवान, रामदयाल राठिया, अपील चौधरी व सत्य नारायण सिंह सक्रिय रहे।

# मंत्री राजवाड़े ने सेवा पखवाड़ा के तहत दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण, सम्मान एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुईं।

सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि सेवा पखवाड़ा समाज की भलाई और जनसेवा के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में स्वास्थ्य, स्वच्छता और कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ सीधे आमजन तक पहुंच रहा है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि दिव्यांगजन समाज में समान अधिकार और सम्मान के अधिकारी हैं। उन्होंने दिव्यांग विवाह सहायता योजना, स्वरोजगार तथा रोजगारपरक योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार दिव्यांग को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। श्रीमती राजवाड़े ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा पूरे देश में सकारात्मक बदलाव का अभियान है। इस दौरान स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता जागरूकता, नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण जैसे अनेक जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई और समाज में स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण बनाने का संकल्प लेने की बात कही। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और मेडिकल प्रमाण पत्र बनाए गए। साथ ही जरूरतमंदों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में विधायक भूलन सिंह मरावी, श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, रेखलाल रजवाड़े, विजेंद्र सिंह पाटले, मुरली मनोहर सोनी, बाबूलाल अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि व अन्य मौजूद रहे।

# अंधेरे में गढ़वतिया धाम, सांसद के निर्देश के बावजूद नहीं लगी हाईमास्ट लाइट



**बिहारपुर।** सांसद चिंतामणि महाराज के कड़े निर्देश के बावजूद चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के ग्रामीणों के आस्था के केंद्र गढ़वतिया धाम में हाईमास्ट लाइट नहीं लग सकी है। लाइट के अभाव में गढ़वतिया धाम में अंधेरा है।

एक साल पूर्व क्षेत्र के भ्रमण पर पहुंचे सांसद चिंतामणि महाराज को क्षेत्रवासियों ने गढ़वतिया धाम की स्थिति से अवगत करा धाम में रोशनी की व्यवस्था करने की मांग की थी। क्षेत्र में विद्युत विस्तार नहीं होने के कारण सांसद चिंतामणि महाराज ने गढ़वतिया धाम सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर सोलर हाईमास्ट लाइट लगवाने का अश्वासन दिया था। सांसद की पहल पर क्रेडा ने ठेकेदार के माध्यम से धाम की पहाड़ी के नीचे धर्मशाला, ग्राम महुली स्थित ग्राम देवता स्थल पर लाईट लगवा दिया लेकिन धाम में अब तक लाइट नहीं लग सकी है। हाईमास्ट लाइट लगाने के नाम पर ठेकेदार ने पहाड़ी पर गहरा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया है जो धाम के लिए खतरनाक बन गया है। गड्ढे में भरा पानी रिसने से पहाड़ी पर बनी सुरक्षा दीवार जर्जर होकर ढहने की कगार पर पहुंच गई है। धाम में रोशनी की व्यवस्था नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा अंधेरे में लोगों के नीचे गिरने का भय बना रहता है। इस संबंध में क्रेडा जिलाधिकारी रंजीत यादव ने बताया कि ठेकेदार ने पहाड़ी पर हाईमॉस्ट लाइट लगाने से इंकार कर दिया है। इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
मोटापे का ईलाज
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
एंडोसोनोग्राफी/ एंडोअल्ट्रासाउंड (EUS)
गेस्ट्रोएन्टेरोलॉजी एवं हिपेटोलॉजी विभाग
• पेनक्रियास एवं पित्त नलिका की बीमारियों का सूक्ष्म एवं सटीक परीक्षण एवं उपचार
• पेट के कैंसर की विश्वसनीय एवं सटीक स्टेजिंग (Staging)
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

जौहरी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
E-mail: jowharyhospital44@gmail.com, Web.: www.jowharyhospital.com
डॉ. महावीर सिंह जौहरी
MBBS, MS, DNB (Hyderabad)
FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन,
एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन
डॉ. अलका जौहरी
MBBS, DNB (Sec-9, Bhilai)
FAIC (Bhopal)
Diploma in Cosmetic Gynaecology (ICCG)
प्रसूति, स्त्री रोग निःसंतान दम्पति विशेषज्ञ
एण्डोस्कोपिक गायनिक सर्जन
उपलब्ध विभाग
• न्यूरो सर्जरी
• आर्थो सर्जरी
• कैंसर सर्जरी
• यूरो सर्जरी
• स्त्री एवं प्रसूति रोग
• एण्डोस्कोपी
• नाक, कान, गला
• पीडियाट्रिक सर्जरी
• जनरल सर्जरी
• गेस्ट्रो एंट्री सर्जरी
• प्लास्टिक सर्जरी
• स्टेम सेल थेरेपी
भारत में पहली बार
इन्फ्रारेड, न्यूरो सर्जरी
(भयमुक्त न्यूरोसर्जरी)
राइट इफेक्ट नो साइड इफेक्ट
सर्जरी के बाद काम में जल्दी वापसी
सभी प्रकार के ऑपरेशन
आयुष्मान कार्ड एवं मेडिक्लैम के अन्तर्गत
उपलब्ध सुविधाएँ-
• 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
• 24 घंटे एम्बुलेंस सुविधा
• सर्व सुविधा युक्त आधुनिक मशीनों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
• पैथोलॉजी
• आई.सी.यू.
• वेन्टीलेटर
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलवरी
• दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन
• अल्ट्रा साउंड
• एक्स-रे, रेडियोलॉजी
• ई.सी.जी., ई.ई. जी.
• एन. सी. बी. ईको
• फॉर्मेसी (मेडिकल)
0771-4349856
81790-50740
99816-77710
पता : ढेबर सिटी मोड़ के सामने, मेन रोड, भाटागांव, रायपुर (छ.ग.)

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
28 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
16 दिसंबर 2025
16 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411